तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 बच्चों के भाषा और गणित सीखने के स्तरों में सुधार के लिए शिक्षकों ...





13 आजकल बच्चों का विवाह पैकेज देखकर किया जा ...





# होलिका दहन आज, कल मनाया जाएगा रंगोत्सव, त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रंगों के पर्व होली को लेकर उत्साह का माहौल है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में फाग स्पर्धाओं से वातावरण त्यौहारमय होने लगा है। बाजार में गुलाल-अबीर, पिचकारियों की दुकानें सजी हुई है। पंडितों के मुताबिक आज 13 मार्च को सुबह से भ्रदा लगी रहेगी, रात में भद्रा हटेगी इसके बाद ही होलिका दहन का शुभमुहूर्त है। 14 को सुबह से रंगोत्सव मनाया जाएगा। त्यौहारों के क्रम में होली रंगोत्सव को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में जहां पकवान इत्यादी बनाकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फाग गीत एवं नगाड़ों की गूंज सुनाई देने लगी है।

- जगह-जगह रंग, पिचकारी सहित अन्य सामानों की लगी दुकानें

## मुख्यालय सहित जिलेभर में होली के लिए बाजार सजकर तैयार

### पुलिस अलर्ट, पर्व शांति से मनाने की अपील

रंगोत्सव को लेकर जिले की पुलिस अलर्ट है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गणमान्य नागरिकों एवं शांति समिति को बैठक आयोजित कर पर्व को शांति एवं सैहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील लगातार की जा रही है। होली पर्व के दौरान शांति-सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान एवं समझाइश देना शुरू कर दिया है। असामाजिक तत्व एवं बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### रात को होलिका दहन

पंडित शुक्ला के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन के दिन आज 13 मार्च को सुबह 10:45 से भद्रा प्रारंभ होगी, जो दिनभर रहेगी। भद्रा का समापन रात 11.32 को होगा। ऐसी मान्यता है कि भद्रा लगे रहने की स्थिति में होलिका दहन नहीं किया जाता। इसलिए ठंडी होली की पूजा सुबह 10.45 के पहले की जाएगी। वहीं होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त भद्रा समापन के बाद रात 11.32 के बाद है। दूसरे दिन हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा।

### फाग गीतों ने बनाया माहौल

इधर, होली पर्व के चलते शहर से लेकर गांव-बाव में जहां फाग गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। वहीं लोगों ने पर्व को उत्साह से मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। गांव के चैपाल व चौराहों में एकत्र होकर फाग गीतों से होली का वातावरण बना रहे हैं। वहीं, विभिन्न स्थानों पर फाग स्पर्धाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में फाग मंडलियां शामिल होकर आयोजनों में चार चांद लग रही हैं।

### पर्व के लिए हो रही खरीदारी

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में पर्व के लिए नगाड़े, कई प्रकार की पिचकारियां, बताशे के हार, विविध रंग-गुलाल सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी व्यापक रूप से की जा रही है। समीप पर्व को देखते हुए बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल अधिक है। व्यवसायियों को भी होली पर्व पर बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद है। कई लोगों ने पर्व से पहले ही रंग-गुलाल आपस में खेलकर पर्व की अग्रिम बधाई व खुशियां बांटने में जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### कल बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बेमेतरा।** 14 मार्च शुक्रवार को जिले की सभी देशी और विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर ने पत्र जारी कर कहा है कि जिला अंतर्गत आने वाली समस्त देशी मदिरा दुकानें (सी.एस.-2), विदेशी मदिरा दुकानें (एफ.एल.-1), और देशी-विदेशी संयुक्त मदिरा दुकानें (सी.एस.-2-कम्पोजिट) को इस दिन संचालित करने पर पूर्णतः रोक रहेगी। साथ ही इन दुकानों से संलग्न अहातों पर भी मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि के दौरान मदिरा के किसी भी प्रकार के संव्यवहार की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल



**बालोद।** ग्राम करहीभदर से निपानी मार्ग पर ग्राम लिमोरा के पास कार और बाइक जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना बुधवार को दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, कार और बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### बैहाकुंआ में फाग महोत्सव 15 को

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बैहाकुंआ में आगामी 15 मार्च को श्रीकृष्ण युवा फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 15 मार्च को एक दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव पवन खोब्रागढ़े ने बताया कि झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 4001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2501, एवं पंचम पुरस्कार 1501रुपए के साथ मोमेंटो व श्रीफल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार के साथ प्रत्येक मंडली के लिए रखे गए हैं। समिति के सलाहकार पुरानिक भंडारी ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होकर फाग महोत्सव का आंनद उठाने की अपील की है।

गड़बड़ी : विद्युत कनिष्क यन्त्री कार्यालय देवरबीजा में का मामला

# बिजली विभाग में लाखों की गड़बड़ी रीडर ने रकम ली पर जमा नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत कनिष्क यन्त्री कार्यालय देवरबीजा से एक गम्भीर मामला सामने आ रहा है। जिसमें बिजली विभाग के एक स्थानीय कर्मचारी द्वारा उपभोक्ताओं का बिल जमा न कर लाखों रुपये गबन कर दिया गया है।

उपभोक्ताओं की राशि जमा नहीं किए जाने के मामले का खुलासा होते ही विभाग में हड़कंप मच गया और देवकर विद्युत सहायक यन्त्री की टीम ने विभागीय स्तर पर मौके में पहुंचकर जांच-कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बिजली ऑफिस में पदस्थ रीडर द्वारा ही इस हेराफेरी को अंजाम दिया गया है, जिसमे विद्युत उपभोक्ताओं के करीबन 20 लाख रुपये का हिसाब की गड़बड़ी पाई गई है। फिलहाल विद्युत विभाग के अफ़सर गत दो दिनों से देवरबीजा स्थित जेई कार्यालय में जांच में लगे हुए हैं। जल्द ही मामले से सम्बंधित विभिन्न आकड़ों व घटनाक्रम का स्पष्ट पर्दाफाश हो पायेगा।

### दो दिनों जांच में जुटी हुई है विद्युत विभाग की टीम



### 2 साल से जमा नहीं हो रहा था बिल

बताया जा रहा है कि यह गबन बीते 2 सालों से किया जा रहा है । मामले में यह भी सामने आ रहा है उपभोक्ताओं से पैसा लेकर फर्जी रसीद भी दे दी गई है। जब उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने का नोटिस व बिजली बिल पहुंचा तब उपभोक्ता कार्यालय आकर बिल जमा करने की बात कह कर रसीद दिखाने लगे। लेकिन, रसीद फर्जी होने की जानकारी होते ही उपभोक्ताओं के होश उड़ गए। बहरहाल मामले में विद्युत विभाग के अधिकारी से मामले में जानकारी ली गई, तो गबन होने की पुष्टि जरूर की परन्तु यह भी कहा कि मामले में जांच की जारी है, वास्तविक जानकारी जांच होने के उपरांत ही दी जाएगी।

# मोहभट्ठा से भेड़नी मार्ग जर्जर, उड़ती धूल ने भी बढ़ाई राहगीरों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

पीएमजीएसवाई विभाग बेमेतरा के अन्तर्गत ब्लॉक बेरला अंचल के ग्राम मोहभट्ठा से भेड़नी भड़ग़ांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माण सड़क जर्जर होने से धूल व कण उड़ रहे हैं। इससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सड़क इतनी खराब हो गई है कि लोग दोबारा चलने के लिए सोचने को मजबूर हो गए हैं। वहीं चार पहिया वाहन चलने से सड़क धूल से भर जाती है, जिससे आमने सामने दिखाई तक नहीं देते। इससे दुर्घटना होने की बड़ी आशंका जताई जा रही है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल कुछ सालों से मुख्य समस्या सुर्खियों पर है। हवाओं में धूल का स्तर बढ़ने से लोग परेशान हैं। धूल ▶▶| शेष पेज 13 पर

- पीएमजीएसवाई के तहत किया गया था निर्माण



### सालों पहले हुआ था निर्माण

गौरतलब है कि बेरला ब्लॉक ग्राम मोहभट्ठा से भेड़नी तक पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण सालों से पहले हुआ था जिनकी दुर्दशा ही बिगड़ गई है। इसको लेकर प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति किये जाने का मामला सामने आ रहे है। आपको बता दें कि बेरला ब्लॉक के ग्राम संडी में प्रसिद्ध सिद्धि माता मंदिर में तेरस मास में लोग माता की द्रहन करने के लिए बड़ी संख्या में मोहभट्ठा से हो या भेड़नी सड़क मार्ग से आते है। जो कि यह सड़क मार्ग की दुर्दशा होने के कारण लोग बहुत परेशान रहते है। सिद्धि माता के दर्शन के लिए प्रदेश के कोने कोने तक के लोग बड़ी संख्या में दो पहिये से लेकर चार पहिये तक के वाहन में सवार होकर आते है। ये सड़क मार्ग जर्जर होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़त रहे है। इसको लेकर संबंधित आला अधिकारी अब तक ध्यान नहीं देना, सवालिया खड़ा हो रहे है।

# किसी पर जबर्दस्ती पर रंग-गुलाल न डालें

## होली पर्व को लेकर एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर में आगामी त्योहार को देखते हुए एसडीएम ने शांति समिति की बैठक ली। बैठक में सभी से होली का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाने का आग्रह किया गया। सभी सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। एसडीएम दिव्या पोटाई ने कहा कि होली, नवरात्र, रमजान, ईदुल फितर जैसे त्योहार आने वाले हैं। उन्होंने सभी समुदायों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। होली पर उन्होंने कहा कि बिना अनुमति किसी पर रंग-गुलाल न लगाएं। मुखौटों का उपयोग न करें। जबरन चंदा वसूली न करें। ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

तहसीलदार विनोद बंजारे ने कहा कि ज्यादातर अप्रिय घटनाएं अति उत्साह और नशे की वजह से होती हैं। इसलिए सभी वर्गों को सतर्क रहना चाहिए। त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें। नशे में वाहन न चलाएं।

नवागढ़ थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने कहा कि बाइक पर दो से अधिक सवारी न हों और नशापान की स्थिति में वाहन न चलाएं। उन्होंने यह भी बताया कि होलिका दहन के लिए खुले स्थान का चयन करें तथा किसी निजी अथवा शासकीय सम्पति को नुकसान न पहुंचाया जाए।

### पानी का दुरुपयोग न करें, सूखे रंगों से खेलें होली : सिद्धान्त

नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान ने कहा कि पानी की समस्या इस समय हमारे नवागढ़ नगर के लिए गंभीर विषय बना हुआ है। अक्सर देखा जाता है कि लोग होली पर केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल तो करते हैं, साथ ही पानी की भी बर्बादी करते हैं। होली हमारी संस्कृति एवं सभ्यता का पवित्र त्योहार है। इसे सौहार्दपूर्ण, भाईचारे एवं शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। इकोफ्रेंडली होली खेलनी चाहिए और सूखे रंगों या फिर फूल वाले रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### मिलजुलकर भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : सोम

नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, इसलिए भाईचारा को देखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी धर्म और समुदाय के लोग इस त्यौहार को मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान उप निरीक्षक मोहन साहू, हेमंत सोनकर, संतोष ताम्रकार, राहुल खुराना, कपिल साहू, प्रेमु साहू, रूपेश खांडे, पीके विश्वास, मनीष श्रीवास, अमित जांगड़े, जित्ते रजक, शांतिलाल साहू सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर होगा रन फॉर सनातन कार्यक्रम

**बेमेतरा।** देश में ऐसे तो बहुत से उद्देश्यों को लेकर मैराथन होते रहते है,यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ में रन फॉर सनातन का आयोजन हो रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में एक ही समय से दौड़ प्रारंभ कर विश्व कीर्तिमान में दर्ज होने का यह अभियान वस्तुतः सनातन के प्रति आस्था की दौड़ होगी। पोस्टर विमोचन के कार्यक्रम में भाग लेते हुए उक्त बातें रन फॉर सनातन के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कही।



उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ सरकार के संस्कृति विभाग, धर्म स्तंभ, वन सी मीडिया, एक्सेल एस्थेटिक्स के सहयोग से किया जाना है। देश के अलग अलग राज्यों से आए अतिथियों ने पोस्टर विमोचन किया।

दीप प्रज्वलन लैटिन अमेरिका से आई मायरा, डॉ राजू वाघमारे, के एस आर मूर्ति, वामसी आंदुकुरी, सुरेश जगवानी, मराठी फ़िल्मों में बाला साहब ठाकरे के अभिनय से प्रख्यात मकरंद पाधे ने किया। डॉ सौरभ निर्वाणी ने यह भी बताया कि "रन फॉर सनातन" ऐतिहासिक दौड़ है, जो सनातन संस्कृति और पर्यावरण जागरूकता को समर्पित है। इस आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरण करना है। जिले में नवागढ़ विधानसभा समन्वयक जिम्मेदारी मार्तण्ड सिंह ठाकुर अभिषेक ठाकुर बेमेतरा विधानसभा में प्रणीश रजक, केशव साहू वहीं साजा विधानसभा का सयोजक लाल शौर्यजीत सिंह, हीरा साहू को बनाया गया ▶▶| शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



## ख़बर संक्षेप



### प्राथमिक शाला सलधा के शिक्षक रविंद्र ने कराया न्योता भोज

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला सलधा में पदस्थ शिक्षक रविन्द्र साहू ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को नेवता भोज कराया। नेवता भोज में सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, दाल, चावल व सब्जी में टमाटर की चटनी और आलू छोले वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने शिक्षकों ने रविन्द्र साहू को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक, हाई स्कूल के सभी शिक्षक गण एवं जनभागीदारी के अध्यक्ष सहित शाला परिवार के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला मड़ई के शिक्षक दिलीप ने कराया न्योता भोज



**बेमेतरा।** विकासखंड के प्राथमिक शाला मड़ई में न्योता भोज एवं कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक सुखचंद चंद्राकर ने बताया कि न्योता भोज में शाला के शिक्षक दिलीप उर्वशा द्वारा अपने पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, पापड़, खीर, पूड़ी का वितरण किया गया। साथ ही विदाई समारोह में कक्षा पांचवी के छात्रों को पेन भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त कार्यकम में शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष धनेश साहू, जुड़ावन साहू, दीपक साहू, कौशल साहू, गोवर्धन लहरे,(प्र. पाठक), रसोईया एवं सफाई कमी उपस्थित थे।

### व्यापारी संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा का किया स्वागत

**बालोद।** पुराना बस स्टेशन व्यापारी संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी का स्वागत किया। स्वागत के बाद व्यापारियों भाइयों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया, नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं को अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष को चुनाव प्रचार के दौरान जो व्यापारियों ने प्याऊ और पानी टंकी को पुनः प्रारंभ करने की बात बोली थी, जिसमें कल से कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### ग्राम बासीन के पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई विदाई

**गुरूर।** ग्राम पंचायत बासीन में पूर्व सरपंच व उपसरपंच का विदाई समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत भवन बासीन में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरंपच परमीला हिरवानी, उपसरपंच भागवत निषाद, पंच शैलबाई हिरवानी, कौशिल्या साहू, हेमीन बाई निशाद, रीका बाई यादव, गीतेश्वर साहू, ललेश कुमार साहू, चित्ररेखा साहू को विदाई दी गई।

# ग्रामीणों को मलेरिया, फाइलेरिया व डेंगू के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के साजा ब्लॉक उप स्वास्थ्य केंद्र घिवरी के आश्रित ग्राम पदुमसरा में मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लोगों को मलेरिया, फाइलेरिया डेंगू रोगों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। आरएचओ राजेश जायसवाल ने आमजनों को बताया कि इनके लक्षण जैसे बुखार आना, ठंड व कंपकंपी लेकर बुखार आना, सिर दर्द, जी मिचलाना, उल्टी होना ये सब मलेरिया फाइलेरिया डेंगू के लक्षण हैं। इनकी जांच कराने पर रोगी अगर पॉजिटिव पाया जाता है, तो दवा निःशुल्क शासकीय अस्पतालों में दी जाती है। ऐसे रोगों से बचने के लिए कुछ बचाव ही जरूरी है जैसे गढ्ढे में जमा पानी, पुराने टायर में जमा पानी, नाली में जमा पानी में डीडीटी या मिट्टी तेल या अन्य ऑयल का छिड़काव कर सकते है, जिससे मच्छर के पनपने वाले लार्वा नष्ट हो जाते है, साथ ही साथ सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें, जिससे मच्छर के काटने से बचा जा सके। इसलिए मच्छरदानी को डेल्टामैथिल के घोल में डुबाकर उपचारित किया है। गांव के लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ साथ बहुत महत्वपूर्ण शासन की योजना निक्षय निरामय कार्यक्रम भी टीबी के उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को टीबी के बारे में जागरूक और उसके लक्षण, निदान और उपचार के बारे में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और मितानिन द्वारा विस्तार से बताया जा रहा है, और जिसमें लक्षण या 60 से ऊपर के वनरेबल ग्रुप के सदस्यों को निःशुल्क जांच एक्सरे व बलगम जांच के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

**ग्राम पदुमसरा में चलाया गया स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम**



**दो सप्ताह से अधिक खांसी-बुखार हो तो जांच कराएं**

घर परिवार में किसी भी सदस्य को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार आना, वजन में कमी, सिर दर्द हो तो जांच अवश्य कराएं और सरकार की निक्षय निरामय अभियान को सफल बनाते हुए टीबी उन्मूलन में सहयोग प्रदान करें। यह कार्यक्रम खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एके वर्मा के निर्देशन, डॉ रवि वर्मा और सुपरवाइजर के के निर्मल, पूरन आनंद के मार्गदर्शन में आरएचओ राजेश जायसवाल और मितानिन आमीन वर्मा, गायत्री वर्मा, राधा वर्मा, अमरबती निर्मलकर और सभी मितानिनों के सहयोग से किया जा रहा है।

**उपलब्धि : बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा किया जा रहा है हर्बल गुलाल का उत्पादन**

# हर्बल गुलाल से मनेगी इस बार की होली महिलाएं भाजी व फूलों से कर रहीं निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इस बार होली को लेकर बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार किया है। स्व सहायता समूह की स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं दिन-रात हर्बल गुलाल तैयार करने में लगी हैं। इस गुलाल को लगाने से जहां चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। महिला स्वयं सहायता समूह के जरिए तैयार किए जा इन हर्बल गुलाल और हर्बल रंग की कई विशेषताएं हैं। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं गुलाल और रंग में महक के लिए भी फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है. इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, जो नुकसान करें। यही वजह है कि इस गुलाल और रंग की डिमांड ज़िले सहित आसपास के ज़िलो में से भी आ रही है। वहीं, महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। बेमेतरा ज़िले के ब्लॉक साजा ग्राम पंचायत महीदही जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह की महिलायें भी हर्बल गुलाल बनाने में जुट हैं। समूह की सचिव पार्वती साहू ने बताया कि पिछले साल होली में 30 किलो हर्बल गुलाल महिलाओं ने बनाया ।जिसकी काफ़ी माँग रही। उन्होंने कहा कि पिछले,20 और 50 रुपए के हर्बल गुलाल के पैकेट बनाए थे। इस बार समूह की महिला सदस्यों ने हर्बल गुलाल ज़्यादा बनाए जाने का लक्ष्य रखते हुए 95 किलो हर्बल गुलाल बनाया गया है। इस बार 50 और 110 रुपये का पैकेट बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पालक,लालभाजी, हल्दी.जड़ी, बुटी व फूलों से हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही। इसके अलावा मंदिरों व फूलों के बाजार से निकलने वाली इस्तेमाल किए हुए फूल पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। गुलाब, गेंदे, स्याही फूल के साथ चुकंदर, हल्दी, आम और अमरूद की हरी पत्तियां को भी प्रोसेस किया जाता है।



**पालक, चुकंदर, सिंदूर का हो रहा उपयोग**

महिलाओं ने बताया कि एक किलो हर्बल गुलाल बनाने में करीब 75 रुपये खर्च आ रहा है। गुलाल को बनाने में वे पालक, चुकंदर, सिंदूर आदि का उपयोग करती है। इस गुलाल के प्रयोग से किसी तरह का त्वचा को नुकसान नहीं होगा। इसलिए क्षेत्र के लोग भी इसमें रुचि दिखा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि लोगों को हर्बल गुलाल के फायदे को समझाएं ताकि लोग इन्हें अपनाएं। महिला स्व सहायता समूह द्वारा इस वर्ष की होली के लिए पालक,लालभाजी, हल्दी. फूलों से हर्बल गुलाल बना रही है। उनके द्वारा वर्तमान मे पीला, संतरा, लाल एवं चंदन रंग के गुलाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका विक्रय स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कलेक्टोरेट सहित अन्य स्थानों पर स्टॉल लगाकर किया जा रहा है।

# कृषि प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर हुई प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यशाला



**बेमेतरा।** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (कटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी विभाग ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में एक दिवसीय "कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने बेमेतरा जिले में कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। इंगांकृवि, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. एन.के. मिश्रा ने अनाज, दलहन, तिलहन, कंदवाली एवं सब्जी फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, डॉ. डी. खोखर ने स्वास्थ्य एवं आजीविका में सुधार हेतु अनाज फसलों और गैर-लकड़ी वन उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी ने प्रसंस्करण मशीनरी के संचालन, सुरक्षा एवं रखरखाव के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए 61 कृषकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डोमन सिंह टेकाम, डॉ. लव कुमार, शिव कुमार सिन्हा, कमलेश्वर बघेल, मिलाप वर्मा एवं राजेश कुमार पाठक का विशेष योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से कृषकों को कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिली, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे।

# जिले के 521 केंद्रों में 23 को होगी राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 6567 शिक्षार्थी शामिल

कलेक्टोरेट जिला कार्यालय के दृष्टि सभा कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा जिले में आयोजन किए जाने पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति एवं जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिलाधीश अनिल बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे,नोडल प्राचार्य शा स की य / अ शा स की य महाविद्यालय वीणा त्रिपाठी, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, जिला साक्षरताकेंद्रप्रभारी उषाकिरण पांडेय, जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा, सहायक जिला परियोजना समन्वयक भूपेंद्रसाहू,कार्यकारिणी के सदस्य, जिला रिसोर्स पर्सन बी.एल. साहू, विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं तकनीकी रिसोर्स पर्सन की मौजूदगी में हुई। उक्त बैठक में एडीएम अनिल बाजपेयी ने सभी से इस महा परीक्षा को उत्सव की तरह आयोजित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने निर्देशित किया। साथ ही राष्ट्रीय महत्व के इस राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा को पूरी गंभीरता से सम्पन्न कराने में अपना संपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को अपने सौंपे गए दायित्व को विशेष रुचि लेकर पूर्ण करने तथा इस महा परीक्षा में समस्त चयनित शिक्षार्थियों को को शामिल कराने अपना संपूर्ण प्रयास करने का निर्देश दिया। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विकासखंड में सभी संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित कर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा में सम्मिलित कराने की एवं परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें।

### तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी ने दी जानकारी

परीक्षा के सम्बन्ध मे जिला नोडल अधिकारी सुनील झा ने सभी को विशेष जानकारी देते हुए बताया इस परीक्षा के आयोजन हेतु जिले में कुल 521 केंद्र बनाये गये हैं जिसमें कुल 6567 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे, परीक्षा में सम्मिलित होने उन्हें आमंत्रण पत्र प्रेषित किया जाएगा, अपने घर के नजदीकी विद्यालय में उनका परीक्षा केंद्र होगा। सफ़ल आयोजन के लिए संकुल स्तर पर प्राचार्यों को नोडल अधिकारी एवं संकुल समन्वयकों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है, सभी ग्राम के प्रधान पाठक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकन कर्ता के दायित्व को निभाएंगे। बैठक के अंत मे सभी उपस्थित लोगों को उल्लास नव साक्षरता शपथ दिलाई गई।

# गुरुकुल के बच्चे पशु-पक्षियों के लिए करेंगे पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



- विद्यार्थियों को बताया गया पानी का महत्व, बूंद-बूंद सहेजने किया गया प्रेरित

गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा नवागढ़ के बच्चों को हर वर्ष की तरह बढ़ते हुए गर्मी को देखकर पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने बच्चों को पानी की कमी के कारण हो रही समस्याओं से अवगत कराया और बच्चों को बताया कि हमको अपने भविष्य के लिए पानी को देव रूप में मानकर उसका संरक्षण करना हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। पानी के अनावश्यक दुरुपयोग को रोकने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया, और बताया गया कि हमें जितने पानी की जरूरत है उतने का ही उपयोग करना चाहिए। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हमारे द्वारा उपयोग किया गया जल बहकर बाहर न जाए, बल्कि हमारे घर में ही जल संरक्षण पद्धति के माध्यम से उसे धरती के अंदर वापस डालने की व्यवस्था बनानी चाहिए। बच्चों ने बताया कि उनके घरों में भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। संचालक राजेश दीवान ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पानी की समस्या से जब हम सब व्यक्ति परेशान हैं तो पशु पक्षियों की क्या दशा होगी। ऐसे में हमारी जवाबदारी बनती है कि हम अपने साथ पशु पक्षियों के भी दाना पानी की व्यवस्था इस भीषण गर्मी में करें, क्योंकि वह भी हमारे भरोसे ही है और वह स्वयं अपने लिए कोई व्यवस्था करने में सक्षम नहीं है ऐसे में मानव होने के नाते ऐसे पशु पक्षियों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। ऐसा करने से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। गर्मी में जब किसी पक्षी को दाना पानी मिलेगा, तो निश्चित ही वह पक्षी भी बहुत खुशी महसूस करेगा जो कि हमारे लिए सुखद अनुभूति होगी।

### पात्र का किया गया वितरण

सभी बच्चों को पात्र वितरित कर उसमें पक्षियों के लिए दाना पानी रखने के लिए संकल्प दिलाया गया। बच्चे पात्र पाकर बहुत खुश थे। चूंकि हर साल बच्चों को यह पात्र गर्मी के मौसम में दिया जाता है। ऐसे में कई बच्चों ने बताया कि उनके पास आज भी पूर्व में प्राप्त पात्र है, जिस पर वे प्रतिदिन दाना-पानी की व्यवस्था करते हैं।

# शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में धूमधाम से मनी होली



**देवकर।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में धूमधाम से होलिका दहन का उत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपने घरों से लकड़ी ले कर आए साथ ही शाला के कचरों को भी इसमें डाला गया। जिससे बच्चों ने सफाई का संदेश दिया तथा शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर होलिका का निर्माण किया। बच्चों ने सुंदर रंगोली सजाई, चार्ट निर्माण किया, संस्था की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को होलिका दहन मनाने के पीछे की पौराणिक कथा बताई गई और कहा कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। बुराई रूपी होलिका पर जिस प्रकार अच्छाई रूपी प्रहलाद ने जीत हासिल की। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में व्याप्त बुराइयों व्यसन को होलिका की लपटों के साथ अंत करना है। सबने होलिका की परिक्रमा कर अपनी बुराइयों को खत्म करने का वचन लिया। इस अवसर पर अंजना जैन एवं पन्ना जैन द्वारा न्योता भोज के रूप में बच्चो को खीर खिलाया गया। साथ ही शिव शक्ति महिला समूह से मंजू अग्रवाल, तारिणी अग्रवाल, रजनी गुप्ता, कुमारी आस्था द्वारा बच्चों को गुलाल वितरण कर शाला परिवार के साथ होली मनाई इस अवसर पर मैमुना सुल्ताना, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे उपस्थित थे।

# बच्चों की भाषा और गणित सीखने के स्तरों पर सुधार के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा/धमधा



- 10 व 11 मार्च को किया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त करने के लिए धमधा ब्लॉक में नींव अधिगम संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत एफ.एल.एन. को सिखाने में स्थायीकरण के तहत 10 से 11 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परियोजना समाप्ति के बाद जिले व ब्लॉक में एफ.एल.एन. की गतिविधियों को निरंतर करते रहना तथा बच्चों में सीखने की गति में वृद्धि बनाए रखना है। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के भाषा एवं गणित सीखने के स्तरों में सुधार के लिए शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को निरंतर बच्चों पर केन्द्रित रखने के लिए जोर दिया गया। इसके साथ-साथ गणित में बच्चे अपनी कक्षा के अनुसार अपेक्षित गणितीय कौशलों में निपुणता हासिल कर पाएँ। बच्चों में अवधारणा की समझ, प्रक्रिया की समझ, रणनीति/समस्या समाधान, तार्किक सोच और उत्पादक स्वभाव विकसित हो पाएँ। बच्चे गणित के प्रति रुचि विकसित कर पाएँ और बच्चों में गणितीय सोच विकसित करने एवं गणितीय सम्प्रेषण की दिशा में आगे बढ़ पाएँ। राज्य द्वारा संचालित एफ़.एल.एन. मिशन की गतिविधियों में सहयोग करना।

इस प्रशिक्षण में बीईओ कैलाश कुमार साहू, एबीईओ बेनीराम वर्मा, संगीता देवांगन, बीआरसी महावीर वर्मा, लेखापाल प्रवीण मिश्रा, विभा फाउंडेशन से आलोक राय, बेंजामिन, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से जिला प्रमुख रामरतन मीणा, ब्लॉक प्रमुख भूषण सिन्हा, हितेश सांग, मास्टर ट्रेनर्स किशोर तिवारी, सूर्यकान्त हरदेल, वीरेन्द्र देवांगन, राजेंद्र साहू, नीलमचंद ताम्रकार, डाम्हर साहू, मनोज मरकाम, कैलाश नागवंशी, संतोषी निषाद, नंदिनी देशमुख तथा सभी संकुल समन्वयकों व शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport